प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। कुलपति ने कहा कि शोध के साथ-साथ विश्वविद्यालय अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रहा है। प्रो. कुहाड़ ने कहा कि इसके लिए समय-समय पर स्थानीय गांवों में जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। इनमें वित्तीय साक्षरता, स्वच्छता अभियान, कानूनी जागरूकता अभियान आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। स्वच्छता अभियान में उल्लेखनीय योगदान करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 16 ऐसे युवाओं को 'स्वच्छ भारत अभियान समर इंटर्नशिप अवार्ड' से सम्मानित किया गया। कुलपति ने बताया कि स्पंदन-2019 में दिल्ली विश्वविद्यालय से आई एक टीम के साथ हरियाणा के 9 विश्वविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस दो दिवसीय आयोजन में कुल 15 प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें 215 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।


महेंद्रगढ़. स्पंदन-2019 में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जगबीर सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में मुश्किलों से सबक लेते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. अनूप लाठर ने भी विद्यार्थियों को जीवन में कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और प्रचारित व प्रसारित करने की दिशा में हकेंवि तेजी के साथ अग्रसर है।

### 215 प्रतिभागियों ने लिया स्पर्धाओं में हिस्सा, महावीर गुड्डू व जगबीर राठी ने बांधा समां




सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कला जगत की जानी-मानी हस्ती जगबीर राठी, महावीर गुड्डू व रुचिका की प्रस्तुतियों से आयोजन स्थल तालियों की करतल ध्वनि से गूंज उठा। इसी कड़ी में स्पंदन-2019 में आयोजित समस्त प्रतियोगिताओं में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा। इसके चलते एमडीयू रोहतक को ओवरऑल ट्रॉफी से नवाजा गया। इसी कड़ी में अन्य प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### ये रहे विजेता... लाइट वोकल वेस्टर्न स्पर्धा में हकेंवि को प्रथम पुरस्कार

लाइट वोकल वेस्टर्न प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) व द्वितीय पुरस्कार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (बीपीएस), खानपुर कलां ने जीता। ग्रुप सॉन्ग वेस्टर्न व इंडियन में प्रथम पुरस्कार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम ने जीता। लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि), रोहतक, द्वितीय पुरस्कार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा तृतीय पुरस्कार बीपीएस, खानपुर कलां ने जीता। लाइट वोकल (इंडियन) प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हकेंवि व द्वितीय पुरस्कार इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर ने अपने नाम किया। शास्त्रीय नृत्य में बीपीएस, खानपुर, द्वितीय पुरस्कार हकेंवि के विद्यार्थियों ने जीता। आरकेस्ट्रा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हकेंवि ने, द्वितीय पुरस्कार मदवि व तृतीय पुरस्कार चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू), भिवानी ने जीता। अन्य प्रतियोगिताओं में रंगोली प्रतियोगिता में सीबीएलयू ने, द्वितीय पुरस्कार एमडीयू व तृतीय पुरस्कार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू), जींद, ऑन दि स्पॉट फोटोग्राफी में आईजीयू ने प्रथम, एचएयू ने द्वितीय तथा हकेंवि ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। कोलाज मेकिंग में मदवि ने प्रथम, हकेंवि ने द्वितीय तथा एचएयू व बीपीएस ने तृतीय पुरस्कार जीता। इसी क्रम में मेहंदी प्रतियोगिता में मदवि, रोहतक ने प्रथम, सीबीएलयू ने द्वितीय तथा बीपीएस की टीम ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। ऑन दि स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में मदवि, रोहतक, एचएयू, हिसार, हकेंवि, महेंद्रगढ़ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ (हिंदी) में प्रथम पुरस्कार आईजीयू ने, द्वितीय पुरस्कार हकेंवि ने तथा तृतीय पुरस्कार सीआरएसयू ने हासिल किया। कविता पाठ (अंग्रेजी) में प्रथम पुरस्कार बीपीएस, द्वितीय पुरस्कार दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय व तृतीय स्थान हकेंवि ने हासिल किया। मिमिक्री, माइम व स्किट में प्रथम पुरस्कार मदवि, द्वितीय पुरस्कार सीबीएलयू व तृतीय स्थान सीडीएलयू ने हासिल किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सतीश कुमार, अधिष्ठाता जीवन विज्ञान पीठ ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, शिक्षकगण, शिक्षणेतर कर्मी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# हकेंवि का स्थापना दिवस : 'स्पंदन-2019' का शुभारंभ

### कुलपति, प्रो. आर. सी.कुहाड़ ने प्रस्तुत किया विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का ब्यौरा

### भविष्य की योजनाओं से भी करवाया अवगत

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की मिनी इंडिया की सप्तरंगी झलक

महेंद्रगढ़, 25 फरवरी (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर 2 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'स्पंदन 2019' का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा का ब्यौरा प्रस्तुत किया और बताया कि किस तरह से विश्वविद्यालय ने बीते 4 वर्षों में उपलब्धियों के मोर्चे पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा विश्वविद्यालय समुदाय को संदेश के माध्यम से सम्बोधित किया गया। कुलपति ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ते हुए उपस्थित सदस्यों को बताया कि मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय की प्रगति से खुश हैं और उन्हें इस बात पर गर्व है कि हकेंवि अपने में एक मिनी इंडिया को सहेजकर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रो. मार्कंडेय आहूजा, कुलपति, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर व कुलपति गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अनिल कौशिक, निदेशक, हरियाणा कला परिषद, चंडीगढ़ उपस्थित रहे। इस मौके पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व ब्लड डोनर डायरेक्टरी का गण्यमान्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा विमोचन किया गया।

अपने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि पिछले 3-4 वर्षों में विश्वविद्यालय ने किस तरह से संसाधनों के विकास, शोध के क्षेत्र व शिक्षण के आधुनिकीकरण की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। फिर चो चाहे नए शैक्षणिक खंडों व छात्रावासों के निर्माण की बात हो या फिर रिसर्च के मोर्चे पर विश्वविद्यालय को साल-दर-साल विभिन्न संस्थानों से शोधकार्य के लिए मिल रहे प्रोजेक्ट्स की संख्या की बात हो। कुलपति ने बताया कि किस तरह से विश्वविद्यालय शिक्षण के मोर्चे पर 'मूक्स' का प्रयोग कर रहा है और विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन व्याख्यान उपलब्ध करवाने की दिशा में अग्रसर है। भविष्य की योजनाओं में कुलपति ने 5 नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए विशेष मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने की दिशा में जारी प्रयासों को उल्लेख किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि प्रो. मार्कंडेय आहूजा ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रगति देखकर वे बेहद खुश हैं और इस कार्य के लिए प्रो. कुहाड़ की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि यह शताब्दी युवा पीढ़ी की शताब्दी है इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे सीखें, भुलाएं और फिर से सीखें। लर्न, अनलर्न एंड रिलर्न। भारत के कई रंग हैं और रंगों की यह विविधता ही भारत का परिचय है और भारत का यही रंग आज हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में देखने को मिला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अनिल कौशिक ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग प्रस्तुतियों को देखने के बाद घोषणा की कि वे हरियाणा कला परिषद, चंडीगढ़ के माध्यम से विश्वविद्यालय में दो आयोजन प्रायोजित करेंगे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। फिर चो चाहे बिहार का छठ पर्व हो या फिर गुजरात का डांडिया उत्सव। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहद मोहक अंदाज में जगन्नाथ पुरी से लेकर केरल, हरियाणा, दिल्ली व पंजाब आदि राज्यों की कला, संस्कृति व सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने विभिन्न प्रस्तुतियों को देखने के बाद अनिल कौशिक की मदद से 3 विजेता टीमों की भी घोषणा की, जिसमें पहला स्थान बिहार का रहा, दूसरा उड़ीसा व तीसरा स्थान दिल्ली का रहा।

कार्यक्रम के अंत में स्वामी दयानन्द सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणबीर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और इस आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, कुलानुशासक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता व शैक्षणिक अधिष्ठाता को धन्यवाद दिया और इसके साथ-साथ इस आयोजन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रभारी, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# विवि में संगीत कक्ष का किया उद्घाटन





*संगीत कक्ष का उद्घाटन करते व वाद्यंत्र बजाते कुलपति।* (बधवा)

**रेवाड़ी (बधवा):** जिला के गांव मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में सोमवार को संगीत कक्ष का उद्घाटन कुलपति डा. मारकंडे आहूजा ने किया। डा. आहूजा ने कहा कि संगीत जीवन में रस घोलता है और हमें आनंद की यात्रा की तरफ ले जाता है। उन्होंने कहा कि इस संगीत कक्ष में विभिन्न प्रकार के वाद्यंत्रों जैसे गिटार, कीबोर्ड, ऑक्टोपैड, डैकसैट, हारमोनियम, ढोलक, कोंगो व बोंगो की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त अलग-अलग प्रकार के संगीत प्रशिक्षकों को समय-समय पर बुलाया जाएगा। जिससे हमारे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस प्रकार की सुविधाएं उन्हें अपने व्यक्तित्व को निखारने में सहायक सिद्ध होंगी। कुलसचिव डा. अन्नपूर्णा शर्मा ने कहा कि संगीत हमें तनाव से दूर रहने में सहायता प्रदान करता है। जिससे हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में एकाग्रचित्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को विशेषकर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के संगीत कक्ष में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के वाद्यंत्रों का लाभ उठाना चाहिए। कुलपति तथा कुलसचिव ने गिटार व हारमोनियम जैसे वाद्यंत्रों को स्वयं बजाकर माहौल को संगीतमय बना दिया। इस अवसर पर प्रो. तेज सिंह, प्रो. रोमिका बत्तरा, डा. देवेन्द्र, डा. संजय हुड्डा, डा. सीमा महलावत, डा. अदिति, डा. हरिओम, डा. ईश्वर, डा. दीपक गुप्ता, डा. रोना हुड्डा, आर.एन. कंसल, डा. जसविन्द्र तथा सुशान्त सहित विद्यार्थियों में अजय यादव, निशा, आरती व अंजलि उपस्थित थे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 26 February 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/37088120

# हकेंविवि में स्थापना दिवस पर स्पंदन 2019 का शुभारंभ

## कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने प्रस्तुत किया उपलब्धियों का ब्योरा, दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

जागरण संवाददाता, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विवि के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन-2019 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। विवि के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने विकास यात्रा का ब्योरा प्रस्तुत किया और बताया कि किस तरह से विवि ने बीते चार वर्षों में उपलब्धियों के मोर्चे पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा विवि समुदाय को संदेश के माध्यम से संबोधित किया गया।

कुलपति ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ते हुए उपस्थित सदस्यों को बताया कि मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय की प्रगति से खुश हैं और हकेंविवि अपने में एक मिनी इंडिया को सहेज कर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. मारकंडेय आहूजा कुलपति इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर व कुलपति गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम व विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल कौशिक निदेशक हरियाणा कला परिषद चंडीगढ़ उपस्थित रहे। विवि का न्यूज लेटर व क्लब डोनर डायरेक्ट्री का गणमान्य अतिथियों के कर कमलों द्वारा विमोचन किया गया।

स्वागत भाषण में विवि के कुलपति प्रो. कुहाड़ ने विवि की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों में विश्वविद्यालय ने किस तरह से संसाधनों के विकास, शोध के क्षेत्र व शिक्षण के आधुनिकीकरण की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। चाहे नए शैक्षणिक खंडों व छात्रावासों के निर्माण की बात हो या फिर रिसर्च के मोर्चे पर, विवि को साल दर साल विभिन्न संस्थानों से शोध कार्य के लिए मिल रहे प्रोजेक्ट्स की संख्या की बात हो।

मुख्यातिथि प्रो. मारकंडेय आहूजा ने कहा कि यह शताब्दी युवा पीढ़ी की शताब्दी है इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे सीखें, भूलाएं और फिर से सीखें। लर्न, अनलर्न एंड रिलर्न। भारत के कई रंग हैं और रंगों की यह विविधता ही भारत का परिचय है और भारत का यही रंग हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में देखने को मिला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अनिल कौशिक ने विवि के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग प्रस्तुतियों को देखने के बाद घोषणा की कि वे हरियाणा कला परिषद चंडीगढ़ के माध्यम से विवि में दो आयोजन प्रायोजित करेंगे। कार्यक्रम में विवि के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बिहार का छठ पर्व हो या फिर गुजरात का डांडिया उत्सव।

विद्यार्थियों ने बेहद मोहक अंदाज में जगन्नाथपुरी से लेकर केरल, हरियाणा, दिल्ली व पंजाब आदि राज्यों की कला, संस्कृति व सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। विवि के कुलपति ने विभिन्न प्रस्तुतियों को देखने के बाद अनिल कौशिक की मदद से तीन विजेता टीमों की भी घोषणा की, जिसमें पहला स्थान बिहार का रहा, दूसरा उड़ीसा व तीसरा स्थान दिल्ली का रहा। अंत में स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणबीर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और इस आयोजन हेतु विवि के कुलपति, कुलसचिव, कुलानुशासक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता व शैक्षणिक अधिष्ठाता का धन्यवाद दिया।




हकेंविवि के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी • जागरण

### उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षक व कर्मचारी सम्मानित

हकेंविवि में कर्मचारियों व शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने की परंपरा को लगातार दूसरे साल भी जारी रखा गया। विवि के दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. कुहाड़, कुलसचिव रामदत्त व विशिष्ट अतिथि अनिल कौशिक के हाथों शिक्षकों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष प्रो. सारिका शर्मा अधिष्ठाता कला मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ, डॉ. चंचल कुमार शर्मा, सह आचार्य व विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग व डॉ. देवेंद्र कुमार प्रभारी सांख्यिकी विभाग को शिक्षण व रिसर्च के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसी तरह शिक्षणेतर कर्मचारियों में परीक्षा विभाग के सहायक कुलसचिव सुंदरलाल शर्मा, पुस्तकालय विभाग के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष नरेश कुमार व शैक्षणिक अनुभाग के अवर श्रेणी लिपिक अमित यादव को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

स्थापना दिवस • हकेंवि में 'स्पंदन-2019' का रंगारंग शुभारंभ, वीसी ने पेश किया विवि की उपलब्धियों का ब्योरा

# विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की मिनी इंडिया की सतरंगी झलक

भविष्य की योजनाओं से भी कराया अवगत

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के 10वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'स्पंदन-2019' का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इसमें कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा का ब्योरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से विश्वविद्यालय ने बीते चार वर्षों में उपलब्धियों के मोर्चे पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय समुदाय को संदेश के माध्यम से संबोधित किया। कुलपति ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय की प्रगति से खुश हैं और उन्हें इस बात पर गर्व है कि हकेंवि अपने में एक मिनी इंडिया को सहेज कर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. मार्कण्डेय आहूजा, कुलपति, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर थे। विशिष्ट अतिथि अनिल कौशिक, निदेशक, हरियाणा कला परिषद, चंडीगढ़ रहे। विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर व ब्लड डोनर डायरेक्ट्री का अतिथियों ने विमोचन किया।

स्वागत भाषण में कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों में विश्वविद्यालय ने किस तरह से संसाधनों के विकास, शोध के क्षेत्र व शिक्षण के आधुनिकीकरण की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कुलपति ने बताया कि किस तरह से विश्वविद्यालय शिक्षण के मोर्चे पर 'मूक्स' का प्रयोग कर रहा है और विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन व्याख्यान उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रसर है। मुख्य अतिथि प्रो. मारकंडेय आहूजा ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रगति देखकर वे बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि भारत के कई रंग हैं और रंगों की यह विविधता ही भारत का परिचय है और भारत का यही रंग आज हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में देखने को मिला। अनिल कौशिक ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग प्रस्तुतियों को देखने के बाद घोषणा की कि वे हरियाणा कला परिषद, चंडीगढ़ के माध्यम से विश्वविद्यालय में दो आयोजन प्रायोजित करेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। फिर वो चाहे बिहार का छट पर्व हो या फिर गुजरात का डांडिया उत्सव। विद्यार्थियों ने बेहद मोहक अंदाज में जगन्नाथ पुरी से लेकर केरल, हरियाणा, दिल्ली व पंजाब आदि राज्यों की कला, संस्कृति व सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। तीन विजेता टीमों की भी घोषणा की गई, जिसमें पहला स्थान बिहार का रहा, दूसरा उड़ीसा व तीसरा स्थान दिल्ली का रहा।

कार्यक्रम के अंत में स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणबीर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और इस आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, कुलानुशासक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता व शैक्षणिक अधिष्ठाता को धन्यवाद दिया और इसके साथ-साथ इस आयोजन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी शिक्षकों व शैक्षणेत्तर कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रभारी, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।



हकेंवि के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।



स्थापना दिवस पर पंजाबी डांस प्रस्तुत करते छात्र।

## उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षक व कर्मचारी सम्मानित

हकेंवि में कर्मचारियों व शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने की परम्परा को लगातार दूसरे साल भी जारी रखा गया। प्रो. कुहाड़, कुलसचिव श्री रामदत्त व अनिल कौशिक ने शिक्षकों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। प्रो. सारिका शर्मा, अधिष्ठाता कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ, डॉ. चंचल कुमार शर्मा, सह-आचार्य व विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग व डॉ. देवेंद्र कुमार, प्रभारी, सांख्यिकी विभाग को शिक्षण व रिसर्च के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शैक्षणेत्तर कर्मचारियों में परीक्षा विभाग के सहायक कुलसचिव सुंदर लाल शर्मा, पुस्तकालय विभाग के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष नरेश कुमार व शैक्षणिक अनुभाग के अवर श्रेणी लिपिक अमित यादव को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



उल्लेखनीय कार्य के लिए सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष नरेश कुमार को सम्मानित करते विवि के वीसी आरसी कुहाड़ व अनिल कौशिक।

# बिहार की टीम प्रथम, ओडिशा को दूसरा स्थान

## हकेंविवि के स्पंदन 2019 में कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने प्रस्तुत किया विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का ब्योरा

अमर उजाला ब्यूरो

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के दसवें स्थापना दिवस मौके पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन-2019 में देश भर की संस्कृतियों का प्रदर्शन किया गया। दूसरे दिन प्रदेश भर की आठ यूनिवर्सिटीज की टीम अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बिहार का डांस प्रस्तुत करने वाली टीम को पहला स्थान मिला। दूसरा स्थान ओडिशा की टीम को दिया गया। दिल्ली की टीम को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया।

कुलपति प्रोफेसर आरसी कुहाड़ ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश पढ़ते हुए बताया कि सीएम यूनिवर्सिटी की प्रगति से खुश हैं। हकेंविवि अपने में एक मिनी इंडिया को सहेज कर आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों में विश्वविद्यालय ने किस तरह से संसाधनों के विकास, शोध के क्षेत्र और शिक्षण के आधुनिकीकरण की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विश्वविद्यालय शिक्षण के मोर्चे पर मूक्स का प्रयोग कर रहा है। विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन व्याख्यान उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने पांच नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए विशेष मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने की दिशा में जारी प्रयासों को उल्लेख किया।




सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। -अमर उजाला

मुख्य अतिथि आईजीयू मीरपुर के कुलपति प्रो. मारकंडेय आहूजा ने कहा कि यह युवा पीढ़ी की शताब्दी है। इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे सीखें, भुलाएं और फिर से सीखें। लर्न, अनलर्न एंड रिलर्न। भारत के कई रंग हैं और रंगों की यह विविधता ही भारत का परिचय है। भारत का यही रंग आज हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में देखने को मिला। हरियाणा कला परिषद के निदेशक विशिष्ट अतिथि अनिल कौशिक ने कहा कि हरियाणा कला परिषद के माध्यम से विश्वविद्यालय में दो आयोजन प्रायोजित करेंगे। विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बिहार का छठ पर्व के जरिए विद्यार्थियों ने प्रदेश की सांस्कृतिक-धार्मिक कला को दिखाया। गुजरात का टीम ने डांडिया उत्सव दिखाते हुए अपने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया। ओडिशा की टीम ने शानदार अंदाज में अपने नृत्य को दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। कलाकारों ने मोहक अंदाज में जगन्नाथ पुरी से लेकर केरल, हरियाणा, दिल्ली और पंजाब राज्यों की कला, संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। कुलपति ने विजेता टीमों की भी घोषणा की। जिसमें पहला स्थान बिहार का रहा, दूसरा उड़ीसा और तीसरा स्थान दिल्ली का रहा।



सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्रा।

### पहले न्यूज लेटर का विमोचन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर और गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के वीसी मारकंडेय आहूजा, विशिष्ट अतिथि हरियाणा कला परिषद के निदेशक अनिल शर्मा रहे। इस मौके पर विश्वविद्यालय का न्यूज लेटर और ब्लड डोनर डायरेक्ट्री का विमोचन किया गया।

LIST OF PARTICIPANTS IN SPANDAN- 2018, CENTRAL UNIVERSITY OF HARYANA, MAHENDERGARH(Feb 25-26,2018

1. GROUP DANCE

| S.No. | Name | Roll No. | Branch | Year | Participant/Accompanist |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Nasseb Kumar | 14001002025 | E.E. | 4th | Participant |
| 2 | Ankush | 15001002008 | E.E. | 3rd | Participant |
| 3 | Ajay | 15001005002 | CHE. | 3rd | Participant |
| 4 | Himanshu | 15001005015 | CHE. | 3rd | Participant |
| 5 | Piyush | 15001001038 | CSE. | 3rd | Participant |
| 6 | Vijay | 17001005064 | CHE. | 1st | Participant |
| 7 | Shubham | 17001002049 | E.E. | 1st | Participant |
| 8 | Ashwani | 17001005015 | CHE. | 1st | Participant |
| 9 | Sandeep | 15001005909 | CHE. | 4th | Participant |
| 10 | Ajay Dhania | 15001004004 | M.E. | 3rd | Participant |

2. POETRY

| S.No. | Name | Roll No. | Branch | Year | Participant/Accompanist |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sandeep singh | 15001005009 | Che. | 4th | Participant |

3. GROUP SONG

| S.No. | Name | Roll No. | Branch | Year | Participant/Accompanist |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ashwani | 17001005015 | CHE. | 1st | Participant |
| 2 | Abhishek Goswami | 15001005901 | CHE. | 4th | Participant |
| 3 | Paras Dhiman | 17001002907 | E.E. | 2nd | Participant |
| 4 | Rahul | 17001009046 | CIVIL | 1st | Participant |
| 5 | Manish Bidlan | 16001005016 | CHE. | 2nd | Participant |
| 6 | Lakshay | 14001004020 | M.E. | 4th | Participant |

4. RAGNI

| S.No. | Name | Roll No. | Branch | Year | Participant/Accompanist |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ashwani | 17001005015 | CHE. | 1st | Participant |

5. LIGHT VOCAL MUSIC

| S.No. | Name | Roll No. | Branch | Year | Participant/Accompanist |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ashwani | 17001005015 | CHE. | 1st | Participant |

6. SKIT

| S.No. | Name | Roll No. | Branch | Year | Participant/Accompanist |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Akshit | 14001009005 | CIVIL | 4th | Participant |
| 2 | Naseeb Kumar | 14001002025 | E.E. | 4th | Participant |
| 3 | Sorabh | 17001001053 | CSE. | 1st | Participant |
| 4 | Ajay Dhania | 15001004004 | M.E. | 3rd | Participant |
| 5 | Sandeep | 15001005909 | CHE. | 4th | Participant |
| 6 | Himashu | 15001005015 | CHE. | 3rd | Participant |
| 7 | Ajay | 15001002002 | CHE. | 3rd | Participant |
| 8 | Amit Singh | 16001004902 | M.E. | 3rd | Participant |
| 9 | Parveen | 14001001039 | CSE. | 4th | Participant |
| 10 | Manjeet | 16001007004 | BME. | 1st | Accompanist |
| 11 | Ankit Kumar | 15001008002 | B.T. | 3rd | Accompanist |

24/2/2018

Prof. (Dr.) Ajay Monga
Chairman
Department of Architecture
D.C.R. University of Sc. & Tech.,
Murthal (Sonipat)-131039

# FIRST SELECTION LIST OF STUDENTS AUDITION FOR SPANDAN-2019

| S. No. | Event Name | Student Name | Contact No. |
|---|---|---|---|
| 1. | Dance | Payal | 8398058534 |
| 2. | Dance | Prafulla group | 9438394121 |
| 3. | Dance | Pratikshya | 9996561833 |
| 4. | Dance | Sasmita | 9777762791 |
| 5. | Dance | Himanshi | 8397012965 |
| 6. | Dance | Asha | 9996685214 |
| 7. | Dance | Swati Gaur | 9034752422 |
| 8. | Dance | Laxmi | 8813853128 |
| 9. | Dance | Monika | |
| 10. | Dance | Isha Gupta | 9990002655 |
| 11. | Dance | Ajeya | 8447932612 |
| 12. | Dance | Sonal | 9530329612 |
| 13. | Dance | Poonam | 8930442365 |
| 14. | Dance | Sneha | 7206589928 |
| 15. | Dance | Raveena | 9145907788 |
| 16. | Dance | Priya | |
| 17. | Dance | Suman sharma | |
| 18. | Dance | Kamlesh | |
| 19. | Dance | Parul | |
| 20 | Dance | Hemangini | 8327719254 |
| 21 | Dance | Shivalika Malakar | 8910207298 |
| 22 | Music | Chiranjeev Kumar | 9728542648 |
| 22 | Music | Barada Pr. Das | 9348414846 |
| 23 | Music | Jyoti | 9431675075 |
| 24 | Music | Vishal | 8758212245 |
| 25 | Music | Naresh Yadav | 7027709741 |
| 26 | Music | Yamini | 7027592982 |
| 27 | Music | Ashabari Panda | 7894509411 |
| 28 | Music | Nirmala | 7691047819 |
| 29 | Music | Suryani Guha | 8059943349 |
| 30 | Music | Christopher | |
| 31 | Music | Sanjeev kumar Rai | 8930438512 |
| 32 | Music | Akhi P Anand | 9061152873 |
| 33 | Music | Sushil Kumar Tambre | |
| 34 | Music | Suleman Raju | 8465098085 |
| 35 | Music | Swaralipi | |
| 36 | Theatre | Krishna | 7056907593 |
| 37 | Theatre | Abodh Kumar Mehta | 7679287316 |
| 38 | Theatre | Shivanshish | 9460555668 |
| 39 | Theatre | Priya Raman | 9846587201 |
| 40 | Theatre | Asha | |
| 41 | Theatre | Dharmveer | 9602669187 |
| 42 | Theatre | Sravan Kumar | 7056079236 |
| 43 | Theatre | Nagender Yadav | 8800969959 |
| 44 | Photography | Gaurav Sharma | 9785184859 |

# FIRST SELECTION LIST OF STUDENTS AUDITION FOR SPANDAN-2019

| | | | |
|---|---|---|---|
| **45** | **Photography** | Surya Pratap | 7877928080 |
| **46** | **Photography** | Himanshu Pareek | 7065252489 |
| **47** | **Photography** | Harshit Verma | 8950821062 |
| | | | |
| | | | |